चोरी ▶ चोर बाउंड्री फांदकर वर्कशॉप परिसर में घुसे थे, पांच आरोपी अब भी फरार

# कॉलरी वर्कशॉप में चोरी का प्रयास, 5 गिरफ्तार



**अनूपपुर, नवभारत।** जिले के भालूमाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत कालरी वर्कशॉप में चोरी के प्रयास के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सोमवार शाम पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, वहीं पांच अन्य आरोपी अभी भी फरार हैं, जिनकी तलाश के लिए पुलिस की विशेष टीम गठित की गई है। गिरफ्तार सभी आरोपियों को मंगलवार को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

भालूमाड़ा थाना पुलिस के अनुसार कोतमा कालरी में तैनात सुरक्षा प्रहरी अवधेश कुमार यादव ने 2 नवंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 30 से 31 अक्टूबर की दरम्यानी रात करीब 3 बजे 10 अज्ञात चोर बाउंड्री फांदकर वर्कशॉप परिसर में घुसे और वहां रखे लोहे को चोरी करने का प्रयास किया।

### चोर अंधेरे का फायदा उठाकर भागे

प्रहरी अवधेश कुमार यादव ने अपने साथी मानसाय और देवेंद्र यादव के साथ चोरों को पकड़ने की कोशिश की, इस दौरान सभी आरोपी भाग निकले। हालांकि अवधेश ने रोशनी में कुछ आरोपियों को पहचान लिया, जिनमें भालूमाड़ा निवासी भूपेन्द्र पटेल, गोलू पटेल, शंकर सरदार, सूरज पटेल और लहसुई कोतमा निवासी मंजा शामिल थे। बाकी पांच चोरों ने चेहरा कपड़े से ढका हुआ था और अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए।

### इनकी हुई गिरफ्तारी

घटना की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर तत्काल कार्रवाई शुरू की थी। गिरफ्तार आरोपियों में शंकर सिंह उर्फ जागीर सिंह, नमो नारायण सिंह, घनश्याम पटेल, अविनाश उर्फ सूरज पटेल तथा मो. समसुद्दीन उर्फ मंजा शामिल हैं। भालूमाड़ा पुलिस के अनुसार फरार पांच अन्य आरोपियों की तलाश जारी है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### केबल चोरी का आरोपी गिरफ्तार, तार बरामद



जिले में पुलिस लाइन परिसर से बिजली केबल चोरी के मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपी सियासरण कोल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया 40 मीटर इलेक्ट्रिक केबल और वारदात में इस्तेमाल किया गया लोहे का प्लास बरामद किया है। मामला पुलिस लाइन स्थित आवासीय क्वार्टरों में पानी की सप्लाई के लिए लगे विद्युत मोटर से संबंधित है। पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता राजेश पालने 3 नवंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि पंप हाउस से कुएं में लगी मोटर का लगभग 40 मीटर इलेक्ट्रिक केबल अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया है।

# स्कूली बच्चों के वाहन चल रहे बिना परमिट

▶ यातायात पुलिस और प्रशासन की चुप्पी



**कोतमा नवभारत 4 नवंबर।** केंद्रीय विद्यालय जमुना कॉलरी के स्कूली बच्चों को लाने और ले जाने वाले निजी वाहनों (चार पहिया वाहनों) द्वारा यातायात नियमों के खुले उल्लंघन का एक गंभीर मामला सामने आया है।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, बड़ी संख्या में ये वाहन न केवल बिना वैध परमिट के संचालित हो रहे हैं, बल्कि इनके चालक भी अक्सर बिना उचित ड्राइविंग लाइसेंस के ही सड़कों पर दौड़ रहे हैं, जिससे छात्रों की सुरक्षा गंभीर खतरे में है। यह स्थिति तब और भी चिंताजनक हो जाती है जब बच्चों को स्कूल लाने और छोड़ने के लिए उपयोग किए जा रहे इन वाहनों में सुरक्षा मानकों का भी घोर अभाव होता है। बिना परमिट के चलने का अर्थ है कि वाहन की फिटनेस, बच्चों की क्षमता (सीटिंग कैपेसिटी) और सुरक्षा उपकरणों की नियमित जांच नहीं हो रही है।

### पुलिस की कार्यप्रणाली पर संदेह

स्थानीय नागरिकों और अभिभावकों ने इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर यातायात पुलिस (ट्रैफिक पुलिस) और स्थानीय प्रशासन की निष्क्रियता पर गंभीर सवाल उठाए हैं। विशेष रूप से कोतमा और भालूमाड़ा पुलिस थाने के कार्यक्षेत्र में इस प्रकार के अवैध संचालन पर कोई ठोस कार्रवाई न होने से पुलिस की कार्यप्रणाली पर संदेह पैदा हो गया है। लोगों का कहना है कि पुलिस और परिवहन विभाग की नाक के नीचे यह अवैध परिवहन धड़ल्ले से जारी है।

### नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों को जब्त किया जाए

अभिभावक संघ और स्थानीय जागरूक नागरिकों ने कोतमा पुलिस तथा भालूमाड़ा पुलिस से अपील की है कि वे तुरंत इस मामले को संज्ञान में लें। उन्होंने कहा कि बच्चों के परिवहन में लगे सभी फोर व्हीलर वाहनों के परमिट और चालक लाइसेंस की गहन जांच की जाए। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों को तत्काल जब्त किया जाए। चालकों पर जुर्माना लगाया जाए और आवश्यकतानुसार कानूनी कार्रवाई की जाए।

## एक नजर में

### बैंक डिटेल या ओटीपी किसी के साथ साझा नहीं करें



**अनूपपुर, नवभारत 4 नवंबर।** गृह मंत्रालय, भारत सरकार एवं भारतीय साइबर समन्वय केंद्र द्वारा देशभर में आइए ऑनलाइन दुनिया को सुरक्षित और जिम्मेलदार बनाएं विषय पर जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान द्वारा जिले के नागरिकों को साइबर अपराधों से सतर्क रहने एवं सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने हेतु जागरूक किया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि वर्तमान समय में साइबर अपराधी ऑनलाइन ठगी, निवेश योजनाओं, फर्जी पार्ट-टाइम जॉब ऑफर, ऑनलाइन लोन ऐप, ओटीपी या लिंक शेयरिंग जैसे माध्यमों से लोगों को ठग रहे हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि किसी भी अनजान वेबसाइट, ऐप या लिंक पर क्लिक नहीं करें तथा अपनी निजी जानकारी, बैंक डिटेल या ओटीपी किसी के साथ साझा नहीं करें।

**डिजिटल अरेस्ट स्कैम से रहे सावधान**-हाल ही में डिजिटल अरेस्ट स्कैम के नाम पर कई लोगों को ठगी का शिकार बनाया गया है। इस ठगी में अपराधी खुद को पुलिस अधिकारी, सीबीआई या एनआईए का सदस्य बताकर वीडियो कॉल के माध्यम से डराने का प्रयास करते हैं। वे नकली आईडी दिखाकर कहते हैं कि व्यक्ति का नाम किसी अपराध या मनी लॉन्ड्रिंग केस में जुड़ा है और ऑनलाइन गिरफ्तारी की जा रही है। इसके बाद अपराधी बैंक खाता फ्रीज करने या जुर्माने के नाम पर पैसे ट्रांसफर करवाते हैं।

**साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत करें**-पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि कोई भी सरकारी एजेंसी या पुलिस विभाग ऑनलाइन वीडियो कॉल के माध्यम से गिरफ्तारी नहीं करता। यदि ऐसी कोई कॉल आए तो तुरंत कॉल काटें और राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करें। घर बैठे काम या ऑनलाइन जॉब के नाम पर भी ठगी की जा रही है। पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि वे न केवल स्वयं सतर्क रहें बल्कि अपने परिवार और मित्रों को भी जागरूक करें।



### विद्यालय एक धर्म विशेष को दे रहा बढ़ावा : तिवारी

**अनूपपुर, नवभारत।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को अनूपपुर जिला मुख्यालय स्थित भारत ज्योति विद्यालय का घेराव कर विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। अभविप कार्यकर्ताओं ने विद्यालय में व्याप्त अनियमितताओं, शिक्षा के व्यवसायीकरण और एक धर्म विशेष को बढ़ावा देने के आरोप लगाते हुए प्राचार्य को शिकायती पत्र सौंपा। नगर मंत्री अभिषेक तिवारी ने बताया कि विद्यालय में कई गंभीर समस्याएं बनी हुई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि आरटीई के तहत केवल एक विशेष समुदाय के विद्यार्थियों को प्राथमिकता दी जा रही है और शिक्षा को व्यवसाय का माध्यम बना दिया गया है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा पुस्तकों और यूनिफॉर्म की खरीद के लिए विशेष दुकानों को निर्धारित किया गया है, जहां से कमीशन लिया जाता है।


**धर्मनिरपेक्ष होकर शिक्षा प्रदान करनी चाहिए** -अभिषेक तिवारी ने यह भी मांग की कि विद्यालय परिसर में मां सरस्वती और भारत माता की प्रतिमा स्थापित की जाए। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुसार विद्यालयों को धर्मनिरपेक्ष होकर शिक्षा प्रदान करनी चाहिए, लेकिन भारत ज्योति विद्यालय में ईसाई धर्म को बढ़ावा दिया जा रहा है। अभाविप ने यह भी आरोप लगाया कि विद्यालय के वाहन परिवहन नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं।

**सरस्वती पूजा का आयोजन नहीं किया जाता** -छात्र संगठन ने यह भी आपत्ति जताई कि विद्यालय में छात्रों को तिलक और रक्षासूत्र लगाकर आने से रोका जाता है, जबकि ईसाई धर्म से जुड़े पर्व मनाए जाते हैं। बसंत पंचमी जैसे हिंदू त्योहारों पर सरस्वती पूजा का आयोजन नहीं किया जाता। अभाविप ने विद्यालय में हर वर्ष फीस वृद्धि को भी अनुचित बताया और चेतावनी दी यदि इन समस्याओं का शीघ्र निराकरण नहीं किया गया, तो विद्यार्थी परिषद उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

### मास्टर ट्रेनरों ने दिया बीएलओ को प्रशिक्षण

**अनूपपुर, नवभारत ।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस अभियान के तहत चार नवम्बर से चार दिसम्बर तक बीएलओ घर-घर जाकर गणना पत्रक में मतदाताओं की जानकारी दर्ज करेंगे। मतदाताओं की अद्यतन जानकारी अब बीएलओ ऐप के माध्यम से ऑनलाइन दर्ज की जाएगी, जिससे मतदाता सूची अधिक सटीक और अद्यतन हो सके। इसी क्रम में आज जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मास्टर ट्रेनरों द्वारा बीएलओ को प्रशिक्षण दिया गया। विधानसभा क्षेत्र अनूपपुर में आयोजित प्रशिक्षण का निरीक्षण अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय ने किया। प्रशिक्षण सत्र में बीएलओ को गणना पत्रक भरने की प्रक्रिया, मतदाता सत्यापन हेतु आवश्यक दस्तावेज, सत्यापन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई।

# महाविद्यालय की खेल प्रभारी पर गंभीर आरोप



▶ डॉ. मीना मिश्रा की कार्यशैली से छात्र-छात्राएं हो रहे परेशान

**कोतमा नवभारत 4 नवंबर।** शासकीय महाराजा मार्तंड महाविद्यालय में पिछले कुछ दिनों से हंगामा और परीक्षा में व्यवधान का मामला सामने आ रहा है।

इस संबंध में 4 नवंबर को महाविद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं के अभिभावकों ने प्राचार्य जे. लकड़ा को आवेदन देकर अवगत कराया कि महाविद्यालय में पदस्थ डॉ. मीना मिश्रा (खेल प्रभारी) द्वारा छात्र-छात्राओं के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया जा रहा है और उन्हें सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है। छात्र-छात्राओं के अभिभावकों ने प्राचार्य को बताया कि डॉ. मीना मिश्रा की कार्यशैली के कारण महाविद्यालय में चल रही परीक्षा में भी बाधा उत्पन्न हो रही है, जिससे परीक्षार्थी काफी परेशान हैं।

### खेल मद को लेकर उपजा विवाद

पूरे मामले पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य जे. लकड़ा का कहना है कि पहले भी डॉ. मीना मिश्रा द्वारा छात्र-छात्राओं को परेशान करने की शिकायतें मिली थीं, जिस पर उन्हें कई बार समझाइश भी दी गई, लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ। ताज़ा मामला 15 छात्रों के फुटबॉल खेलने के लिए



जैतहरी जाने का है। प्राचार्य ने बताया कि छात्रों को खेल प्रभारी डॉ. मीना मिश्रा के साथ जाना था, लेकिन डॉ. मीना मिश्रा छात्रों के साथ न रहकर कहीं अन्य जगह थीं। इसकी सूचना छात्रों द्वारा दी गई। इस पर महाविद्यालय प्रशासन ने तत्काल दूसरे महाविद्यालय से अधिकारी को बच्चों की देखरेख के लिए भेजा।

### प्राचार्य ने दिया कड़ी कार्रवाई का आश्वासन

प्राचार्य जे. लकड़ा ने कहा कि छात्र-छात्राओं के शिकायत पत्र के आधार पर, खेल प्रभारी डॉ. मीना मिश्रा के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस मामले ने महाविद्यालय परिसर में तनाव की स्थिति पैदा कर दी है और अभिभावकों ने प्रशासन से जल्द से जल्द समस्या का समाधान करने की मांग की है।



## अधिग्रहीत भूमि का मुआवजा की मांग

**अनूपपुर, नवभारत 4 नवंबर।** जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में संपन्न हुई। जनसुनवाई में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्चना कुमारी ने कुल 55 आवेदकों की समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। जनसुनवाई में तहसील अनूपपुर के ग्राम कोलमी निवासी सीताराम राठौर ने भूमि सीमांकन की मांग रखी। तहसील पुष्पराजगढ़ के ग्राम सरई की संतु बाई ने राष्ट्रीय राजमार्ग हेतु अधिग्रहीत भूमि का मुआवजा दिलाने की मांग की। वहीं तहसील जैतहरी के ग्राम पाटन निवासी गुलाब राठौर ने भूमि का नक्शा तरमीम कराने, ग्राम डोला निवासी नागमणि देवी ने भूमि का बटांकन किए जाने और ग्राम गौरेला निवासी मोतीलाल यादव ने दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए जाने की मांग की।

### समग्र आईडी में सुधार करने की मांग

इसके अतिरिक्त अनेक आवेदकों ने समग्र आईडी में सुधार, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाए जाने से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्चना कुमारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी प्राप्त आवेदनों का शीघ्र और पारदर्शी निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को समय पर राहत मिल सके।

### रोजगार सृजन पर कार्य करेगी समिति

**अनूपपुर, नवभारत 4 नवंबर।** मध्यप्रदेश सरकार ने प्रदेश के सभी जिलों में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में जिला विकास सलाहकार समिति का गठन किया है। इस समिति का उद्देश्य जिले के समग्र और दीर्घकालीन विकास के लिए योजनाएँ तैयार करना एवं जनप्रतिनिधियों के सुझावों को शासन की नीतियों में शामिल करना है।

# स्टेशन के बाहर शौचालय बनाने की मांग

▶ डीआरएम के नाम स्टेशन मास्टर को नपा अध्यक्ष ने सौंपा ज्ञापन

**अनूपपुर, नवभारत।** अमृत भारत योजना एवं गतिमान योजना के तहत अनूपपुर जंक्शन स्टेशन पर विकास व निर्माण कार्य तेजी से चल रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद स्टेशन के मुख्य द्वार के बाहर यात्रियों के लिए शौचालय की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है। स्टेशन परिसर के बाहर



सुलभ कॉम्प्लेक्स नहीं होने से यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। लोग खुले में पेशाब कर देते हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में गंदगी और दुर्गंध फैल रही है। इस समस्या को लेकर जागरूक नागरिक अरविंद बियानी ने रेल मंत्रालय, रेलवे महाप्रबंधक एवं बिलासपुर रेल प्रबंधक को ट्वीट कर स्थिति से अवगत कराया। जिस पर बिलासपुर रेल प्रबंधक ने जवाब दिया कि यदि स्थानीय नगर पालिका सुलभ शौचालय लगाने का प्रस्ताव प्रस्तुत करती है, तो रेलवे उसकी व्यवहार्यता का परीक्षण कर अनुमोदन करेगा।

### इनकी रही उपस्थिति

इसी के तहत नगर पालिका अध्यक्ष अंजुलिका शैलेंद्र सिंह ने बिलासपुर रेल प्रबंधक के नाम स्टेशन मास्टर को ज्ञापन सौंपा।

### नारायण स्वरूप दुबे का निधन



**अनूपपुर ।** स्वास्थ्य विभाग में सेवारत नारायण स्वरूप दुबे का 58 वर्ष की उम्र में आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन पर सर्वत्र शोक व्याप्त हो गया। स्वास्थ्य विभाग सहित नगर के नागरिकों ने उनके निवास पर पहुंचकर शोक श्रद्धांजलि अर्पित की एवं ईश्वर से प्रार्थना की कि ईश्वर उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दें एवं शोक संतप्त परिवार को दुख सहने की शक्ति दे।

बैठक ▶ उच्चस्तरीय बैठक में लिया गया निर्णय, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय में होगा आयोजन

# जनजातीय गौरव महोत्सव के रूप में मनाई जाएगी बिरसा मुंडा की जयंती



**अमरकंटक, नवभारत 4 नवंबर।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक में 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती को जनजातीय गौरव महोत्सव के रूप में भव्य स्तर पर मनाने की तैयारियां शुरू हो गई हैं।

इस अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर मंगलवार को कुलपति सचिवालय में एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति प्रो. ब्योमकेश त्रिपाठी ने की। बैठक में आयोजन समिति के सदस्य, संकायाध्यक्ष, अधिकारी तथा विश्वविद्यालय समुदाय के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### विश्वविद्यालय केंद्रीय भूमिका निभाएगा

प्रभारी कुलपति प्रो. त्रिपाठी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती, जो 15 नवम्बर को मनाई जाएगी, श्रद्धा, उत्साह और भव्यता के साथ मनाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय जनजातीय गौरव पखवाड़े के अंतर्गत केंद्रीय भूमिका निभाएगा और इस पर्व को सांस्कृतिक अस्मिता, आत्मगौरव एवं स्वावलंबन के प्रतीक उत्सव के रूप में मनाया जाएगा।

### संगोष्ठियां एवं सेमिनार आयोजित किए जाएंगे

कुलपति ने निर्देश दिए कि विश्वविद्यालय के सभी विभागों में जनजातीय कला, संस्कृति, साहित्य, खेलकूद, संगीत एवं नृत्य प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएं ताकि जनजातीय परंपराओं और नायकों के गौरवपूर्ण योगदान को व्यापक स्तर पर पहुंचाया जा सके। इसके साथ ही, भगवान बिरसा मुंडा सहित अन्य जनजातीय वीरों के जीवन और संघर्षों पर विशेष व्याख्यानमालाएं, संगोष्ठियां एवं सेमिनार आयोजित किए जाएंगे, जिससे नई पीढ़ी उनके आदर्शों से प्रेरणा ले सके।

### इनकी रही उपस्थिति

बैठक में प्रो. भूमिनाथ त्रिपाठी, प्रो. तरुण कुमार ठाकुर, प्रो. विकास सिंह, प्रो. शैलेन्द्र सिंह भदौरिया, प्रो. ज्ञानेन्द्र कुमार राऊत, डॉ. मनोहर यरकलवार, डॉ. मोहन लाल चढ़हार, डॉ. संतोष सोनकर, डॉ. सुनीता मिन्ज सहित अन्य प्राध्यापक एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

### जनजातीय युवाओं में स्वदेशी भावना होगी सुदृढ़

प्रो. त्रिपाठी ने कहा कि यह अवसर जनजातीय शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्यमिता, स्वावलंबन और सांस्कृतिक पुनर्जागरण को प्रोत्साहन देने का है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय इन आयोजनों के माध्यम से जनजातीय युवाओं में स्वदेशी भावना, आत्मनिर्भरता और पर्यावरणीय उत्तरदायित्व के मूल्यों को सुदृढ़ करेगा। कुलपति ने विश्वविद्यालय परिवार से अपील की कि भगवान बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर प्रत्येक जनजातीय ग्राम और परिवार तक जागरूकता अभियान चलाया जाए, ताकि जनजातीय गौरव का संदेश घर-घर तक पहुंचे।